भारत सरकार, रेल मंत्रालय
Government of India , Ministry of Railways

रेलवे भर्ती बोर्ड - चंडीगढ़

Railway Recruitment Board - CHANDIGARH

सी.ई.एन. 03/2025 (पैरामेडिकल) / CEN 03/2025 (Paramedical)
पद एवं कोटिवार दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा के लिए चुने गये उम्मीदवारों की सूची
POST AND CATEGORY WISE LIST OF CANDIDATES SHORTLISTED FOR DOCUMENT VERFICATION & MEDICAL EXAMINATION

• केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन 03/2025) के तहत अधिसूचित पैरामेडिकल पदों के लिए दिनांक:11-03-2026 से 13-03-2026 तक आयोजित कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर नीचे सूचीबद्ध रोल नंबर (आरोही क्रम में, और मेरिट क्रम में नहीं) वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) और मेडिकल परीक्षा के लिए अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किया गया है।
• दस्तावेज़ सत्यापन (DV) ई-कॉल लेटर में बताए गए स्थान पर आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों को DV के लिए शेड्यूल करने के बाद, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा के निर्देशों के साथ तिथि और रिपोर्टिंग समय के विवरण के साथ अपना ई-कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को एक ईमेल/एसएमएस/वेबसाइट के माध्यम से सूचना भेजा जाएगा।
• उम्मीदवार ध्यान दें कि दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) पूरा होने के बाद, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) के अगले दिन (अथवा दिए गए निर्देशानुसार) आरआरबी के अधिकार क्षेत्र में स्थित नामित रेलवे अस्पतालों में मेडिकल जांच के लिए भेजा जाएगा। इसमें आरआरबी से रेलवे अस्पताल के शहर तक की यात्रा भी शामिल होगी। तदनुसार, उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) और मेडिकल जांच के लिए 3 से 4 दिनों से अधिक समय तक की तैयारी के साथ आना होगा।
• चिकित्सा परीक्षण, के बारे में उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) पूरा होने के बाद, रेलवे अस्पताल/स्वास्थ्य इकाई द्वारा चिकित्सा जांच की जाएगी । अभ्यर्थियों को निर्धारित चिकित्सा शुल्क मात्र 24/- रूपये का भुगतान करना होगा । चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल/स्वास्थ्य इकाई को कोई अन्य शुल्क नहीं देना पड़ता है। दुर्लभ मामलों में, जहां सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, अपवर्तक नेत्र शल्य चिकित्सा आदि जैसी जांच की जानी है, जिसके लिए रेलवे अस्पताल/स्वास्थ्य इकाई में आवश्यक सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो ऐसी जांच के लिए, उम्मीदवारों को संबंधित प्रयोगशाला/अस्पताल को अपेक्षित भुगतान करना पड़ सकता है।
• दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) के लिए चुने गए उम्मीदवारों को सीईएन और ई-कॉल लेटर में बताए गए विवरण के अनुसार, मूल दस्तावेज़ों के साथ ए4 आकार की स्व-प्रमाणित फोटोकॉपी के दो सेट भी प्रस्तुत करने होंगे। इसके अलावा, इन उम्मीदवारों को अपने डीवी से पहले पोर्टल https://oirms-ir.gov.in/rrbdv के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेज़ों (जैसे शैक्षणिक योग्यताएं, समुदाय, फोटो और हस्ताक्षर आदि) की स्कैन की हुई प्रतियां (सही रंगों में) अपलोड करनी चाहिए। यह लिंक अलग से जारी डीवी शेड्यूल नोटिस के अनुसार सक्रिय होगा।
• दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) के दौरान अपलोड और प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में तथा अंग्रेज़ी या हिंदी में होने चाहिए। इसके अलावा, दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) की तिथि पर अपने मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर उम्मीदवारों को कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। डीवी और/या चिकित्सा परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
• उम्मीदवार अपना व्यक्तिगत परिणाम/स्कोर कार्ड आरआरबी के आधिकारिक वेबसाईट पर दिए जाने वाले लिंक पर लॉग इन करके अपना पंजीकरण नंबर और जन्म तिथि दर्ज करके भी देख सकते हैं। यह सुविधा इस नोटिस की तारीख से केवल पंद्रह दिन तक उपलब्ध रहेगी।
• दस्तावेज़ सत्यापन के लिए चुने गए सभी उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पूरी तरह से अनंतिम है और किसी भी समय रद्द की जा सकती है। भर्ती के चरण या उसके बाद, उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत किए गए डेटा में किसी भी असंगति/कमी या उम्मीदवारों की ओर से किसी भी तरह के कदाचार के मामले आरआरबी के ध्यान में आने पर भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द हो सकता है। कृपया ध्यान दें कि केवल दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उम्मीदवार को बुलाना उसे किसी भी तरह से रेलवे में नियुक्ति का हकदार नहीं बनाता है।
• दस्तावेज़ सत्यापन के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची तैयार करने में हर तरह की सावधानी बरती गई है, लेकिन आरआरबी किसी भी अनजाने त्रुटि या टाइपोग्राफिकल/प्रिंटिंग गलतियों को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आरआरबी असफल उम्मीदवारों से किसी भी प्रकार का पत्राचार को स्वीकार करने में असमर्थता के लिए खेद व्यक्त करता है।
• उम्मीदवार ध्यान दें कि रेलवे द्वारा भर्ती संबंधी सभी गतिविधियाँ केवल योग्यता के आधार पर होती हैं और उम्मीदवारों को निर्धारित चिकित्सा परीक्षण शुल्क 24 /- रुपये के अतिरिक्त किसी भी प्राधिकारी को कोई भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होती है।
• महत्वपूर्ण : उन दलालों से सावधान रहें जो उम्मीदवारों को अवैध रूप से नौकरी के लिए चयनित करने के झूठे वादों से गुमराह कर सकते हैं। आरआरबी परीक्षाओं में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है।
• अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित अपडेट और जानकारी के लिए नियमित रूप से आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें।

• Based on the performance of candidates in the Computer Based Test (CBT) conducted from 11-03-2026 to 13- 03-2026 for the Paramedical posts notified against Centralized Employment Notification (CEN 03/2025), candidates bearing the Roll Numbers listed (in ascending order and not in merit wise) herein under have been provisionally shortlisted for the Document Verification (DV) & Medical Examination.
• Document Verification (DV) will be held at the place, indicated in the e-call letter for DV. After scheduling the candidates for DV, they will be sent an Email/SMS/ through Website to download their E-Call letter with details of date and reporting time along with the instructions for Document Verification and Medical Examination.
• Candidates may note that after completion of DV, they will be sent for Medical Examination at the nominated Railway Hospitals located in the jurisdiction of RRBs on the next day of DV (or as instructed). This will also involve travel from RRB to the city of Railway Hospital. Accordingly, candidates have to come prepared for DV & Medical Examination for more than 3 to 4 days.
• Regarding Medical Examination, candidates are advised that after completion of DV, medical examination will be carried out by Railway Hospital/Health Unit. Candidates have to pay the prescribed medical fee of Rs 24/- only. There are no other charges to be paid to the Hospitals/Health Unit for the medical examination. In rare cases, where the investigation like CT scan, Ultra Sound, tests to rule out refractive eye surgery etc., have to be carried out for which necessary facility is not available in the Railway Hospital/Health Unit, then for such investigation, candidates may have to make the requisite payment to the concerned laboratory/hospital.
• The shortlisted candidates for DV should produce original documents along with two sets of self-attested photocopies in A4 size as detailed in CEN & e-call letters. Further these candidates should upload the scanned copies (In true colour) of all necessary documents EQ, Community, photo & signature etc. before their DV through the portal- https://oirms-ir.gov.in/rrbdv. This link will be active as per the DV schedule Notice issued separately.

• Certificates uploaded and produced during the DV should be in the prescribed format and either in English or Hindi. Further, no additional time will be given to the candidates for not producing their original certificates on the date of DV. Candidates absent during the DV and/or medical examination will forfeit their candidature.
• Candidates can also view their individual result/score card by logging in to the link provided on the official website of RRBs duly entering their Registration No. and Date of Birth. This facility will be available only for fifteen days from the date of this notice.
• Candidature of all the shortlisted candidates for Document verification is purely provisional and is liable to be cancelled, at any stage of recruitment or thereafter, in case of any inconsistency/deficiency in the data furnished by them in their online application or any malpractice on the part of candidates coming to the notice of RRB at any stage of the recruitment process. It may be noted that merely calling a candidate for Document Verification does not entitle him/her in any way to an appointment in the Railways.
• While every care has been taken in preparing the list of candidates shortlisted for Document Verification, RRB reserves the right to rectify any inadvertent error or typographical/printing mistakes. RRB regrets inability to entertain any correspondence from unsuccessful candidates.
• Candidates may note that all the recruitment related activities by Railways is purely on merit basis only and candidates are not required to make any payment to any authorities other than the prescribed Medical Examination fee of Rs.24/-
• Important: Beware of the touts who may misguide the candidates with false promises of getting them selected for the job on illegal consideration. The recruitment process in the RRB exams is fully computerized and the selection is based purely on the merit of candidates.
• Candidates are advised to regularly visit RRB's official website for regular updates and information.

Post and Category wise list of shortlisted candidates for DV & Medical Examination is attached below/ पद एवं कोटिवार दस्तावेज सत्यापन (डीवी) एवं चिकित्सा परीक्षा के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची नीचे संलग्न है -:-

दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) एवं चिकित्सा परीक्षा के लिए चुने गए उम्मीदवारों के रोल नंबर (आरोही क्रम में)

Roll Numbers of candidates shortlisted for DV & Medical Examination (Ascending Order)

Post category:1 NURSING SUPERINTENDENT		
17325011170171878	17325012120196527	

चुने गये उम्मीवार की कुल संख्या / Total Number of candidates shortlisted : 2 only.

Post category:4 PHARMACIST (ENTRY GRADE)		
17325043120171771	17325044170152316	

चुने गये उम्मीवार की कुल संख्या / Total Number of candidates shortlisted : 2 only.

--------End of List--------

Date : 29/May/2026 **Chairman/RRB/CHANDIGARH**